**दिनांक : 13/05/2026** **समय :7.10एएम**

**प्रादेशिक समाचार एकांश**

**आकाशवाणी, भोपाल**

**प्रातःकालीन समाचार**

सबसे पहले इस बुलेटिन के मुख्य समाचार:-

- मध्यप्रदेश में मुख्यमंत्री के दौरे के समय नहीं होगी वाहन रैली, कारकेड भी छोटा रहेगा।
- आज प्रदेश की 1.25 करोड़ लाड़ली बहनों के खातों में ट्रांसफर किए जाएंगे 1 हजार 835 करोड़ रुपये।
- प्रदेश में 1 करोड़ 84 लाख से अधिक मकानों की गणना पूर्ण।
- प्रदेषभर में गर्मी का कहर जारी, आज 12 जिलों में लू का अलर्ट।

अब समाचार विस्तार सेः-

मुख्यमंत्री-कारकेट

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भोपाल में अपने स्थानीय दौरों के दौरान काफिले में वाहनों की संख्या 13 से घटाकर 8 करने के निर्देश दिए हैं। मंत्रियों और नव नियुक्त निगम-मंडल पदाधिकारियों की वाहन रैलियों पर भी रोक लगा दी गई है। मुख्यमंत्री ने यह निर्णय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पेट्रोल-डीजल की खपत कम करने की अपील पर लिया है। राज्य शासन द्वारा कल जारी आदेश में कहा गया है कि इंधन की बचत और सादगी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यह निर्णय लिया गया है। मुख्यमंत्री ने मंत्रियों और पदाधिकारियों से भी न्यूनतम वाहनों के उपयोग की अपील की है। साथ ही आम लोगों से भी सार्वजनिक परिवहन का अधिक उपयोग करने और अनावश्यक वाहन उपयोग से बचने का आग्रह किया है।

नीट परीक्षा रद्द

3 मई को हुई नीट यूजी परीक्षा पेपर लीक होने के कारण रद्द कर दी गई है और अब इस मामले की जांच सीबीआई करेगी। करीब 23 लाख छात्रों को दोबारा परीक्षा देनी होगी। हालांकि इन छात्रों को नया आवेदन नहीं करना होगा और न ही दोबारा फीस भरनी होगी, बल्कि पहले दी गई फीस भी वापस की जाएगी।

हरदीप पुरी - ऊर्जा आपूर्ति

केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कल सीआईआई वार्षिक सम्मेलन में कहा कि सरकार ने पश्चिम एशिया संकट के कारण ऊर्जा आपूर्ति में आई बाधाओं को प्रभावी रूप से संभाला है और यह सुनिश्चित किया है कि जनता पर इसका न्यूनतम बोझ पड़े। उन्होंने कहा है कि भारत की तेल कंपनियों को हर दिन लगभग एक हजार करोड़ रुपये का नुकसान हो रहा है और कुल नुकसान करीब एक लाख 98 हजार करोड़ रुपये तक पहुंच सकता है।

इंडो-फ्रेंच इन्वेस्टमेंट-मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से कल फ्रांस के राजदूत थियरी माथू सहित इंडो-फ्रेंच इन्वेस्टमेंट कॉन्क्लेव के प्रतिनिधियों ने भेंट की। इस अवसर पर फ्रांसीसी राजदूत ने कहा कि मध्यप्रदेश को विभिन्न क्षेत्रों में फ्रांस की ओर से अधिकतम सहयोग प्राप्त होगा। मुख्समंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश उद्यमियों के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने को तैयार है। कॉन्क्लेव में विभिन्न प्रमुख क्षेत्रों में फ्रांस कंपनियों और मध्यप्रदेश सरकार के बीच एक समझौता ज्ञापन सहित 8 अभिरूचि पत्र (लेटर आॅफ इंटेट) प्रस्तुत किए गए।

सरकार जीडीपी

सरकार ने सकल घरेलू उत्पाद-जीडीपी के अनंतिम अनुमानों और चैथी तिमाही के जीडीपी के त्रैमासिक अनुमान जारी करने की तिथि संशोधित करते हुए प्रत्येक वर्ष मई के अंतिम कार्य दिवस से बदलकर 7 जून कर दी है। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने कहा कि 7 जून को अवकाश होने पर अनंतिम अनुमान पिछले कार्य दिवस पर जारी किए जाएंगे। मंत्रालय ने कहा कि यह बदलाव आंकड़ों की गुणवत्ता को और मजबूत करने के उद्देश्य से किया गया है।

सरकारी भवन- सोलर पैनल

प्रदेश में सरकारी भवनों की छतों पर सोलर रूफटॉप संयंत्र लगाने के लिए शासकीय संस्थाओं और रेस्को विकासक इकाइयों के बीच विद्युत क्रय अनुबंध पर हस्ताक्षर किए गए। रेस्को पद्धति के तहत सरकारी विभागों को बिना किसी निवेश के 3 रुपए 78 पैसे प्रति यूनिट की दर से बिजली मिलेगी और पहले दिन से बचत शुरू हो जाएगी। प्रदेश के सभी जिलों में इसी तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

घर-घर योग, हर व्यक्ति निरोग-अभियान

योग को जन-जन तक पहुंचाने के लिए “घर-घर योग, हर व्यक्ति निरोग” अभियान 12 मई से 21 जून तक प्रदेशभर में संचालित होगा। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के सफल आयोजन और व्यापक जनभागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कल आयुष विभाग द्वारा प्रदेशव्यापी योग प्रशिक्षण व जन-जागरूकता कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के वीडियो संदेश का प्रसारण किया गया। संदेश में मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि ---

एआई संचालित शिक्षा- शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान

शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा है कि ‘राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020‘ के माध्यम से सरकार मातृभाषा, भारतीय ज्ञान परंपराओं और ए.आई संचालित शिक्षा पर आधारित अनुसंधान और नवाचार को निरंतर बढ़ावा दे रही है। उन्होंने कहा कि ग्लोबल साउथ के देश विश्वास, समाधान और नेतृत्व की अपेक्षाओं के साथ भारत की ओर देख रहे हैं। भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद के स्थापना दिवस पर उन्होंने कहा कि यह संगठन भारतीय परिप्रेक्ष्य में सामाजिक विज्ञान अनुसंधान को नई दिशा देने का महत्वपूर्ण कार्य कर रहा है।

जनगणना-मकान सूचीकरण

प्रदेश में जनगणना 2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत मकान सूचीकरण और मकानों की गणना का कार्य जारी है। इस अभियान में नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में प्रगणकों द्वारा घर-घर जाकर प्रत्येक मकान, परिवार एवं अन्य संरचनाओं से संबंधित जानकारी डिजिटल माध्यम से संकलित की जा रही है। सचिव, गृह विभाग और नोडल अधिकारी जनगणना शिल्पा गुप्ता ने बताया कि राज्य में जनगणना कार्य के लिए 1 लाख 37 हजार से अधिक मकान सूचीकरण ब्लॉक बनाए गए हैं। इनमें प्रगणकों द्वारा व्यवस्थित रूप से जानकारी एकत्रित की जा रही है। 12 मई  तक प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार प्रदेश में 1 करोड़ 84 लाख 92 हजार 860 मकानों की गणना पूर्ण की जा चुकी है। रायसेन जिले में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का फील्ड कार्य पूर्ण कर लिया गया है।

लाड़ली बहना-राशि ट्रांसफर

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज नरसिंहपुर जिले के मुंगवानी में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की 36वीं किश्त जारी करेंगे। प्रदेश की 1 करोड़ 25 लाख 22 हजार 542 लाड़ली बहनों के बैंक खातों में 1 हजार 835 करोड़ 67 लाख रुपए से अधिक की राशि सिंगल क्लिक से अंतरित की जाएगी। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना जून 2023 में शुरू की गई थी। इसमें अप्रैल 2026 तक महिलाओं के खातों में 55 हजार 926 करोड़ रुपए की राशि सीधे डीबीटी के माध्यम से जमा की जा चुकी है।

कन्या छात्रावास

पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के प्रमुख सचिव डॉ. ई. रमेश कुमार ने बताया कि शौर्य संकल्प प्रशिक्षण योजना-2026 में 4 हजार युवाओं को सेना, पुलिस, होमगार्ड और अन्य सैन्य बलों में भर्ती के लिए निःशुल्क प्रशिक्षित दिया जाएगा। इसके कार्यान्वयन के लिए समय-सीमा में कार्य कर अभ्यर्थियों को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण प्रदान करने के निर्देश दिए गए हैं। प्रमुख सचिव ने विदेश अध्ययन छात्रवृत्ति योजना की कल समीक्षा करते हुए बताया कि वर्ष 2025-26 के लिए 36 विद्यार्थियों का चयन किया गया है। उन्होंने चयनित 31 कन्या छात्रावासों को आदर्श छात्रावास बनाने संबंधी सभी निर्माण कार्य 30 जून तक हर हाल में पूर्ण करने के लिए निर्देश दिए हैं।

कूनो-चीता शावक मृत्यु

श्योपुर के कूनो नेशनल पार्क में मादा चीता केजीपी-12 के 4 शावक कल सुबह एक मांद के पास मृत पाये गये हैं। शावकों का जन्म 11 अप्रैल को खुले जंगल में हुआ था। वन विभाग ने स्पष्ट किया है कि शावकों की मां पूरी तरह सुरक्षित, स्वस्थ और सामान्य स्थिति में है। कूनो में मौजूद अन्य सभी चीते भी स्वस्थ हैं और उनकी लगातार निगरानी की जा रही है।

आईपीएल

आईपीएल क्रिकेट में, गुजरात टाइटन्स ने कल रात अहमदाबाद में सनराइजर्स हैदराबाद को 82 रनों से हराकर अंक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया है। आज रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का मुकाबला कोलकाता नाइट राइडर्स से होगा। मैच रायपुर में शाम साढे सात बजे से खेला जाएगा।

मौसम

प्रदेशभर में गर्मी का कहर जारी है। आज इंदौर और उज्जैन संभाग के 15 में से 11 जिले अगले 4 दिन तक लू की चपेट में रहेंगे। मौसम केंद्र ने भोपाल और नर्मदापुरम संभाग में भी हीट वेव चलने की चेतावनी जारी की है। कल कई जिले लू की चपेट में रहे। वहीं, निमाड़ में तेज आंधी-बारिश के साथ ओले भी गिरे। रतलाम में पारा रिकॉर्ड 46.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। आज इंदौर, उज्जैन, रतलाम, राजगढ़, शाजापुर और झाबुआ सहित 12 जिलों में लू का अलर्ट है। यहां तापमान 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है।

अब कुछ समाचार संक्षेप में:-

ऽ राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के अवसर पर साइंस कॉलेज, रीवा में वैज्ञानिक ज्ञान का व्यावहारिक और रचनात्मक अनुप्रयोग विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया।

ऽ डिंडोरी जिले के शहपुरा में कल मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत सामूहिक विवाह समारोह संपन्न हुआ। सम्मेलन में 200 वर-वधु परिणय सूत्र से बंधे।

ऽ शासकीय राजा शंकरशाह रघुनाथ शाह विशिष्ट बालक क्रीडा परिसर छोटी बेटमा इन्दौर में खेल विधाओं के लिए 200 सीटें स्वीकृत की गई हैं। इच्छुक विद्यार्थियों के आवेदन एवं चयन प्रक्रिया शारीरिक परीक्षण एवं बैटरी टेस्ट 15 जून तक क्रीडा परिसर में होगी।

-------------